(ग) और (घ) नवम्बर, 1994 से केन्द्रीय भण्डार को, उपयुक्त दुकान में आपूर्ति की जा रही गेहूं तथा चीनी की गुणवत्ता के सम्बन्ध में तीन शिकायतें मिलीं। चीनी की गुणवत्ता के सम्बन्ध में शिकायत सही नहीं पाई गई । तथापि, गेहूं की गुणवत्ता के सम्बन्ध में शिकायत मिलने पर, राशन कार्डधारियों तक इसके वितरण को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की गई और ताजा गेहूं प्राप्त करके उन्हें उपलब्ध कराया गया । केन्द्रीय भण्डार की उचित दर दुकानों के लिए राशन की वस्तुओं की आपूर्ति भारतीय खाद्य निगम द्वारा की जाती है जो विभिन्न स्तरों पर वस्तुओं की गुणवत्ता की जांच करता है । केन्द्रीय भण्डार के कर्मचारियों को स्थायी अनुदेश दिए गए हैं कि वे अपने स्तर पर भी राशन वस्तुओं की गुणवत्ता की आवश्यक जांच करके केवल अच्छी किस्म का माल उठाएं ।

कम तोलने की कोई शिकायत नहीं मिली है ।

(ङ) उपर्युक्त (ग) और (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

Inferior quality of foodgrains items in FPS

1635. SHRI IQBAL SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the inferior quality of foodgrain items are supplied at Kendriya Bhandar Fair Price Shop situated at CPWD Housing Complex, Vasant Vihar, New Delhi

(b) if so, what are the reasons for availability of inferior quality of food grain items at the aforesaid fair-price shop; and

(c) what steps Government propose to take to provide better quality of foodgrain items to the residents of the said colony?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRIMATI MARGARET ALVA): (a) to (c) It is not correct to say that inferior Quality of food grain items are supplied through the Kendriya Bhandar's Fair Price Shop situated at CPWD Housing Complex. Vasant Vihar. The food grain items are supplied by the Food Corporation of India for the Fair Price shops of Kendriya Bhandar. Bofare supply Food Corporation of India carries out strict quality checks. The Kendriya Bhandar also conducts quality checks at the time of receipt of stocks. Specific complaints received in this regard are looked into for taking remedial action.

सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी यात्रा रियायत (एल०टी०सी०) के स्थान पर नकद भुगतान

1636. श्री गोविन्दराव आदिक : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी गृह नगर के मामले में 2 वर्ष में एक बार और गृह नगर के अतिरिक्त भारत में किसी भी स्थान के लिए 4 वर्ष में एक बार एलटी०सी० सुविधा प्राप्त करने के हकदार हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि ऐसे मामलों में बहुत-सी अनियमितताएं पाई गई हैं ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ऐसी अनियमितताओं से छुटकारा पाने के लिए अपने कर्मचारियों को प्रत्येक 2 वर्ष के बाद उनके वेतन के बराबर नकद धनराशि का भुगतान करने का विचार रखती है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मार्गेट आल्वा) : (क) केन्द्रीय सिविल सेवाएं (छुट्टी यात्रा रियायत) नियम, 1988 के अंतर्गत केन्द्र सरकार के कर्मचारी गृह नगर के मामले में दो वर्ष के एक ब्लाक में एक